# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-४ कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६


क्रमांकःएफ-3/54/एल.बी.एस/शै./2026-27/2149 दिनांक: 24.08.2026

## कार्यालयीय सूचना

शैक्षणिक सत्र 2026-27 में विश्वविद्यालय में पंजीकृत होने वाले समस्त छात्रों हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुपालन में विश्वविद्यालय द्वारा माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 01-09-2026 को पूर्वाह्न 11:30 बजे **दीक्षारंभ छात्र प्रेरणा कार्यक्रम** स्वर्ण जयन्ती सदन के भूतल स्थित सभागार में आयोजित किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य नए छात्रों को नये परिवेश में सहज महसूस कराने, उनमें संस्थान की विशिष्ट प्रकृति तथा संस्कृति को सिखाने, अन्य छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ एक संबंध बनाने तथा उन्हें व्यापक उद्देश्य तथा स्वयं की खोज की भावना से परिचित करवाना है।

दीक्षारंभ छात्र प्रेरणा कार्यक्रम को आयोजित करने हेतु निम्नलिखित सदस्यों की समिति का गठन किया गया है:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. भागीरथि नन्द, पीठप्रमुख शैक्षणिक | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो. सुजाता त्रिपाठी, पीठप्रमुख छात्रकल्याण | सदस्य |
| 3. | प्रो. एम. जयकृष्णन, निदेशक, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ | सदस्य |
| 4. | प्रो. परमानन्द भारद्वाज, नोडल अधिकारी, एंटी रैगिंग | सदस्य |
| 5. | श्री आदित्य पंचोली, सहायक पीठप्रमुख, छात्रकल्याण | संयोजक |
| 6. | श्री सुच्चा सिंह, सहायक कुलसचिव, शैक्षणिक | समन्वयक |

यह सूचना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से जारी की जा रही हैं।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. समिति के समस्त सदस्यगण
2. समस्त पीठप्रमुख/विभागाध्यक्ष इस आशय से प्रेषित कि अपने विभाग के छात्रों को कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए प्रेरित करें।
3. कुलानुशासक
4. डॉ. नवदीप जोशी को इस आशय से प्रेषित कि वे उपरोक्त कार्यक्रम के संबंध में KNK College को सूचित करने का कष्ट करें।
5. Principal, Kanak Nank Kishore College of Naturopahty and Yogic Sciences, Main Palla Road, Bakhtawarpur, Delhi 110036 को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यक्रम में छात्रों सहित उपस्थित होने का कष्ट करें।
6. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर, कार्यालय सूचना को वेबसाईट एवं व्हाट्सएप ग्रुपों पर उपलब्ध कराने हेतु।
7. अधिशासी अभियंता को इस आशय से प्रेषित कि वे उक्त तिथि को स्वर्ण जयन्ती सदन के भूतल स्थित सभागार खुलवाने एवं अन्य व्यवस्था करवाने हेतु संबधित अधिकारी को निर्देश देने का कष्ट करें।
8. अनुभाग अधिकारी, सामान्य प्रशासन आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु।
9. जन संपर्क अधिकारी
10. कुलपति/कुलसचिव/वित्ताधिकारी के निजी सचिव
11. कार्यालय आदेश पंजिका

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)